जहां तक हमारे माननीय श्री रवि शंकर प्रसाद जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के एक माननीय मंत्री जी ने इस सम्बन्ध में कुछ बातें कही हैं, तो मैं इस मौके पर केवल यही कहना चाहूंगा कि हम यह अपेक्षा करते हैं कि सांवैधानिक पद पर बैठा हुआ कोई भी व्यक्ति क्यों न हो, वह संविधान के दायरे में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करे और ऐसा कोई गैर-जिम्मेदाराना, भड़काऊ या उत्तेजक वक्तव्य न दे, जिससे कि किसी भी प्रकार की अनहोनी बातें हो सकें।

श्री बलबीर के0 पुंज (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति जी, यह जो भारत माता का अपमान हुआ है...(**व्यवधान**)... हुसैन द्वारा। ...(**व्यवधान**)... यह तो ठीक है, लेकिन भारत माता का अपमान किया गया है, उसके बारे में मंत्री जी को कुछ कहना चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : सब के लिए हो गया। ...(**व्यवधान**)...

श्री बलबीर के0 पुंज : क्या यह सदन केवल प्रोफेट मोहम्मद के ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : नहीं, नहीं, सब के लिए है। देखिए, यह सब के लिए है। Bill for introduction. (**व्यवधान**)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Bill for introduction.

GOVERNMENT BILLS

The Government of Union Territories and the Government of National Capital Territory of Delhi (Amendment) Bill, 2006

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI SHIVRAJ V. PATH): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Government of Union Territories Act, 1963 and the Government of National Capital Territory of Delhi Act, 1991.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI SHIVRAJ V PATIL: Sir, I introduce the Bill.

श्री बलबीर के0पुंज (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति जी, भारत माता का अश्लील चित्र बनाया गया, इसके बारे में यह सदन क्या चुप रहेगा? ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. We have moved ...*(Interruptions)*...